BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# इरिसेट में स्वच्छता पखवाड़े का समापन




**हैदराबाद, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरी एवं दूरसंचार संस्थान (इरिसेट) में रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार 1 अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा – 2024 मनाया गया। 15 अक्तूबर को पखवाड़े के अंतिम दिन स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं ने नाटक, कविता और अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया। इस अवसर पर महानिदेशक शरद कुमार श्रीवास्तव ने सभा को संबोधित करते हुए इन प्रयासों की निरंतरता पूरे वर्ष में जारी रखने पर जोर दिया ताकि न केवल परिसर बल्कि आस-पड़ोस भी स्वच्छ और हरा-भरा रहे। पखवाड़े के दौरान वाक्, नारे और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें इरिसेट, कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं द्वारा सक्रिय भागीदारी की गई। परिसर में विभिन्न स्थानों पर श्रमदान गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, साथ ही स्वच्छता, जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध का संदेश भी फैलाया गया।



सुल्तान शाही में मनाई जाने वाली वाल्मीकि जयंती में शामिल होने के लिए तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष महेश गौड़ को गांधी भवन में आमंत्रण पत्र देते हुए प्रकाल म्युनिसिपल चेयरमैन राम कृष्णा, श्याम लाल टांक, कुलदीप व अन्य।

# तापमा ने किया वेन्नम अनिल रेड्डी का सम्मान



**हैदराबाद, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना और आंध्र प्लास्टिक निर्माता संघ हैदराबाद ने वेन्नम अनिल रेड्डी को अखिल भारतीय प्लास्टिक निर्माता संघ एआईपीएमए) मुंबई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने पर सम्मानित किया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार अनिल रेड्डी लंबे समय तक तापमा के अध्यक्ष रह चुके हैं। सम्मान समारोह में तापमा के अध्यक्ष नरेंद्र बलदावा, सचिव कमलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष रविशंकर, संयुक्त सचिव अरुण लाहोटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष भास्कर रेड्डी, बालकृष्ण मटुरी,तत्काल पूर्व अध्यक्ष ए. दयाकर, पूर्व अध्यक्ष मीला जयदेव, वेणुगोपाल जस्ती, अमदियाला सुधाकर, प्रेम कांकरिया और तापमा के अन्य प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित थे।




# माथुर वैश्य शाखा सभा की नई कार्यकारिणी गठित



**हैदराबाद, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आगापुरा स्थित माथुर वैश्य भवन में माथुर वैश्य शाखा सभा के चुनाव दक्षिणांचल के निर्वाचन अधिकारी हरिप्रकाश गुप्ता, उमेश चंद्र गुप्ता चेन्नईवालों के नेतृत्व में निर्विरोध सम्पन्न हुए। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को संबंधित पद नियम अनुसार प्रदान किए गए हैं। जिसमें- अध्यक्ष राजेश कतरोलिया, उपाध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता, विशाल दोनोरिया, मनोज गुप्ता,आशीष गुप्ता, अजय गुप्ता, मंत्री मयंक गुप्ता, उप मंत्री दीपक जबरेवा, पवन गुप्ता, अंबर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विशाल गुप्ता, लेख निरीक्षक संजय गुप्ता शामिल हैं। केंद्र कार्यकारिणी में प्रवीण जबरेवा, संयोजक मंत्री पवन कतरोलिया, महिला मंडल अध्यक्ष नीलम गुप्ता, उपाध्यक्ष श्वेता गुप्ता, मंत्राणी पिंकी गुप्ता, उप मंत्री शालिनी गुप्ता, कोषाध्यक्ष रूपल कतरौलिया, लेख निरक्षिका मीनू गुप्ता को नियुक्त किया गया। केंद्र कार्यकारिणी में कंचन गुप्ता, युवा दल अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता, मंत्री कौशल गुप्ता, दलपति यश गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रणय गुप्ता, लेख निरीक्षक विकास गुप्ता, खेल मंत्री रोहित गुप्ता, केंद्र कार्यकारिणी अनिकेत गुप्ता शामिल हैं। सभी नवनियुक्त सदस्यों को दक्षिणांचल मंडल महिला की प्रमुख सपना गुप्ता ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# श्री गायत्री (विप्र) पंडित परिषद तेलंगाना की दीपावली तिथि को लेकर बैठक सम्पन्न




**हैदराबाद, 17 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री गायत्री (विप्र) पंडित परिषद तेलंगाना की दीपावली तिथि को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि दो अमावस्या प्रदोष वेला में आ रही हो तो दूसरे दिन की अमावस्या को दीपावली मनाई जाएगी। चाहे दूसरे दिन एक घड़ी या आधी घड़ी से कम होने पर भी दूसरे दिन मनाई जाएगी क्योकि दीपावली दिवसव्यापीनी अमावस्या को ही ली जाएगी निर्णय सागर पंचांग मे पूर्ण रूप से विवरण दिया गया है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार दीपावली कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रदोषव्यापिनी अमावस्या को मनाई जाती है। इस वर्ष संवत् 2081 में कार्तिक अमावस्या 31.10.2024 गुरूवार को दिन में 03:54 से प्रारंभ होकर अगले दिन 01.11.2024 शुक्रवार को सायं 06:17 पर समाप्त हो जाएगी। इस स्थिति में अमावस्या तिथि दो दिन प्रदोष काल (सूर्यास्त के बाद लगभग 144 मिनिट का समय) में व्याप्त है, धर्मशास्त्र का स्पष्ट निर्देश है- यदि दो दिन अमावस्या प्रदोष व्यापिनी हो तो दूसरे दिन वाली अमावस्या में ही दीपावली का पर्व मनाया जाना शास्त्रसम्मत है। इस तर्क के पीछे पितृ कार्य भी है, पितृ देव पूजन करने के बाद ही लक्ष्मी पूजन करना उचित है, पितृ देव पूजन से तात्पर्य है प्रातः काल में अभ्यंग स्नान, देव पूजन और अपरान्ह में पार्वण कर्म, यदि दीपावली एक दिन पूर्व मनाई जाए तो यह सभी कर्म लक्ष्मी पूजन के बाद होंगे जो कि विपरीत दिशा-निर्देश है, अपितु यह शास्त्रोक्त नहीं रहेगा अतः दूसरेदिन ही दीपावली का पर्व शास्त्र नियम के अधीन उचित रहेगा।

निर्णय सिंधु प्रथम परिच्छेद के पृष्ठ संख्या 26 पर निर्देश है कि जब तिथि दो दिन कर्मकाल में विद्यमान हो तो निर्णय युग्मानुसार करें। इस हेतु अमावस्या प्रतिपदा का युग्म शुभ माना गया है। अर्थात् अमावस्या को प्रतिपदा युता ग्रहण करना महाफलदायी होता है और लिखा है कि उल्टा होय (अर्थात् पहले दिन चतुर्दशी युता अमावस्या ग्रहण की जावे) तो महादोष है और पूर्व किये पुण्यों को नष्ट करता है। दीपावली निर्णय प्रकरण में धर्मसिंधु में लेख है कि तत्र सूर्योदयं व्याप्यास्तोत्तरं घटिकादिक रात्रि व्यापिनी दर्शे न संदेहः अर्थात् यहाँ सूर्योदय में व्याप्त होकर अस्तकाल के उपरांत एक घटिका से अधिक व्यापी अमावस्या होवे तब संदेह नहीं है, तदनुसार 1 नवम्बर को दूसरे दिन सूर्योदय में व्याप्त होकर सूर्यास्त के बाद प्रदोष में एक घटी से अधिक विद्यमान है। निर्णय सिंधु के द्वितीय परिच्छेद के पृष्ठ संख्या 300 पर लेख है कि-

दण्डैक रजनी योगे दर्शः स्यात्तु परेऽहवि।
तदा विहाये पूर्वे द्युः परेऽहनि सुखरात्रिकाः

अर्थात् यदि अमावस्या दोनों दिन प्रदोष व्यापिनी होवे तो अगली करना कारण कि तिथि तत्व में ज्योतिषी का कथन है कि एक घड़ी रात्रि बतमपि का योग होवे तो अमावस्या दुसरे दिन होती है, तब प्रथम दिन छोड़कर अगले दिन सुखरात्रि होती है। तिथि निर्णय का कथन उल्लेखनीय है कि- इयं प्रदोष व्यापनि साह्या, दिन द्वये सत्वाऽसत्वे परा अर्थात्- यदि अमावस्या दोनों दिन प्रदोष को स्पर्श न करें तो दूसरे दिन ही लक्ष्मी पूजन करना चाहिए, इसमें यह अर्थ भी अंतरनिहित है कि अमावस्या दोनों दिन प्रदोष को स्पर्श करें तो लक्ष्मी पूजन दूसरे दिन ही करना चाहिए । व्रत पर्व विवेक में दीपावली के सम्बंध में अंत में निर्णय प्रतिपादित करते हुए लिखा है कि अमावस्या के दो दिन प्रदोष काल में व्याप्त / अव्याप्त होने पर दूसरे दिन लक्ष्मी पूजन होगा। इस प्रकार उपरोक्त सभी प्रमुख ग्रंथों का सार यह है कि यदि अमावस्या दूसरे दिन प्रदोष काल में एक घटी से अधिक व्याप्त है तो प्रथम दिन प्रदोष में में सम्पूर्ण व्याप्ति को छोड़कर दूसरे दिन प्रदोषकाल में श्री महालक्ष्मी पूजन करना चाहिए, किन्तु कहीं भी ऐसा लेख नहीं रहेगा। मिलता कि दो दिन प्रदोष में व्याप्ति है तो अधिक व्याप्ति वाले प्रथम दिन लक्ष्मी पूजन किया जाये। प्रतिपदा युता अमावस्या ग्रहण किये जाने का युग्म का जो निर्देश है, उसके अनुसार भी प्रदोष का स्पर्श मात्र ही पर्याप्त है यदि सहित एक घटी से कम व्याप्ति होने के कारण प्रथम दिन ग्रहण किया जाता है तो वह युग्म व्यवस्था का उल्लंघन होकर रहेगा महादोष होगा। उपरोक्त सभी शास्त्रोक्त आधारबिंदु का विचार करते हुए यह निर्णय लिया जाना शास्त्र सम्मत है कि 1 नवम्बर 2024 को श्री महालक्ष्मी पूजन (दीपोत्सव पर्व) उचित होगा इस दिन सूर्योदय से सूर्यास्त उपरांत विद्यमान होने से अमावस्या साकल्या पादिता तिथि होगी जो सम्पूर्ण रात्रि और अगले सूर्योदय तक विद्यमान मानी जाकर सम्पूर्ण प्रदोषकाल, वृष लग्न व निशीथ में सिंह लग्न में लक्ष्मी पूजन के लिए प्रशस्त होगी। दृश्य गणित से निर्मित होने वाले सभी पंचांगों में 1 नवम्बर 2024 को ही लक्ष्मी पूजन का निर्णय शास्त्र सम्मत है।



केबीआर पार्क में स्थित इच्छापूर्ति गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना में भाग लेते हुए राजेंद्र, गोपाल बल्दवा, अशोक सरायवाला, आदिनारायणा , किशनदास डागा, प्रमोद सरायवाला, सुरेश अग्रवाल, सीए भोज रेड्डी, विठ्ठलदास अग्रवाल व अन्य।




श्री कृपा मार्केट होलसेल एंड रिटेल मर्चेंट एसोसिएशन मलकपेट गंज के तत्वावधान में आगामी दिसंबर माह में होने वाले एसकेएम हैदराबाद ग्लोबल मर्चेंट स्पोर्ट्स लीग सीजन 4 का उद्घाटन समारोह किया गया। जिसमें चंद्र मोहन, दीपक मोदी, पवन मर्दा, विकास जैन, सुरेंद्र रेड्डी, मनीष भाटी, अनिल, अशोक, महेंद्र जैन एवं अन्य उपस्थित रहे।



वसुधैव कुटुंबकम का शरद पूर्णिमा कार्यक्रम हिल रिज स्प्रिंग गच्चीबोली में वीना मदान के निवास स्थान पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर शरद पूर्णिमा के महत्व पर चर्चा हुई और सबने ज्ञान प्राप्त किया। जिसमें गीता अग्रवाल, आशा अग्रवाल, राज माथुर, कमलेश अग्रवाल, जय श्री लोहिया, वीना मदान, मंजू शर्मा, डॉली मलिक, श्रीदेवी, मैत्री, हरिणी, नीता गुलाटी, प्रभा मेहता, नेहा खाडीकर आदि ने भाग लिया।



सनतनगर लोढ़ा में कृष्ण सखी मंडल द्वारा शरद पूर्णिमा पर गरबा रास किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता सपना गुप्ता, कंचन गुप्ता, जनक गुप्ता, रेखा मधु, सुनीता, इंदू, प्रमिला, बीना व अन्य उपस्थित थे।



जामबाग डिवीजन के पार्षद राकेश जायसवाल ने जामबाग डिवीजन के 2 बीएचके मुरलीधरबाग में पेयजल टांकी का उद्घाटन किया। स्थानीय लोगों ने पार्षद के स्वयं के फंड से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल पाकर खुश और आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शंकर, राजेश, अजू, अनिल, प्रताप और भाजपा कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

# हत्या मामले में 16 लोगों को आजीवन कारावास की सजा

आसिफाबाद, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

षजला एसपी ने बताया कि आसिफाबाद सत्र न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एम.वी. रमेश ने बुधवार को हत्या के लिए जिम्मेदार 16 लोगों को आजीवन कारावास और 1,49,000 रुपए का जुर्माना लगाने का फैसला सुनाया। सिंगल गुडा गांव रेबेना मंडल कोमुरमभीम जिला आसिफाबाद के अजमीरा रमेश की हत्या के मामले का विवरण इस प्रकार है। शिकायतकर्ता अजमीरा रेणुका पत्नी रमेश 19/08/2020 को अजमीरा रमेश की बहन राजेश्वरी अकेले अपने घर लौट रही थी, तभी रास्ते में जरपुला सुरेश (सिंगल गुडा गांव) नाम का एक व्यक्ति राजेश्वरी के साथ दुर्व्यवहार कर रहा था और डर के मारे चिल्ला रही थी, तभी अजमीरा रमेश और उसका बेटा लोकेश बाहर आया, जारपुला सुरेश ने उन्हें देखा और भाग गया। जब अजमीरा रमेश अन्य काम से अपने घर लौट रहा था, तो जरपुला सुरेश और 15 अन्य लोगों ने रमेश के सिर पर कुल्हाड़ी मार दी, जबकि अन्य ने राजेश्वरी और रेणुका को लाठियों से मारकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल रमेश की मंचिरियाल सरकारी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।इस घटना पर तत्कालीन प्रथम जांच अधिकारी डी. रमेश (रेब्बाना एसआई ने मामला दर्ज किया।



ए1 जरपुला सुरेश, ए2 जरपुला सत्यवती, ए3 अजमीरा वसंत राव, ए4 जरपुला टिक्या नाइक, ए7 अजमीरा अरविंद, ए8 अजमीरा नवीन, ए10 अजमीरा संतोष, ए11 अजमीरा प्रवीण कुमार, ए12 जरपुला लक्ष्मी, ए13 जरपुला राजिता, ए14 जरपुला तुकाराम, ए15 जरपुला रवि , ए16 जरपुला राजू, ए17 जरपुला बिख्यानायक को रिमांड पर लिया गया और अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया।

कोर्ट में आसिफाबाद कोर्ट संपर्क अधिकारी राम सिंह एएसआई, कोर्ट कांस्टेबल उमेश्वर। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक जगन मोहन राव ने बहस की, जबकि 16 आरोपियों की पैरवी की गई। जिला एसपी ने कहा कि न्यायाधीश जीवी रमेश ने मामले की पृष्ठभूमि की जांच की और आरोपी को आजीवन कारावास और 1,49,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।इस मौके पर एसपी ने कहा कि समाज में अपराध करने वाला कोई भी व्यक्ति सजा से बच नहीं सकता है, सजा से ही समाज में बदलाव आएगा, पुलिस एवं अभियोजन रणनीति के साथ कानूनी जांच एवं न्याय सुनिश्चित करेगी तथा सजा दिलाना सुनिश्चित करेगी।

जिला एसपी ने विशेष रूप से पीपी जगन मोहन राव, आसिफाबाद डीएसपी करुणाकर, रेब्बाना सीआई चिट्टीबाबू, रेब्बाना एसआई चंद्र शेखर, कोर्ट संपर्क अधिकारी राम सिंह एएसआई और कांस्टेबल उमेश्वर को पीआई मामले में आरोपियों को दोषी ठहराने के प्रयासों के लिए बधाई दी।

# जिला कलेक्टर को बदलने के लिए मंत्री सीताक्का को डीवाईएफआई ने ज्ञापन सौंपा



आसिफाबाद , 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

प्रजातंत्र युवजन समाख्या डीवाईएफआई ने कुमुरम भीम आसिफाबाद जिला समिति ने शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में समस्याओं के समाधान के लिए मंत्री सीतक्का को जिला कलेक्टर को तुरंत बदलने का अनुरोध किया है।

इस अवसर पर, डीवाईएफआई जिला सचिव गोडीसेला कार्तिक ने कहा कि जिले में शिक्षा व्यवस्था चरमराती जा रही है और छात्रों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। केजीबीवी, मॉडल कॉलेज में रिक्त पदों को भरने के लिए सरकारी जूनियर कॉलेज में ग्राउंड प्रोटेक्शन दीवारों का निर्माण किया जाना चाहिए, इसी तरह मॉडल डिग्री कॉलेज में भी कई समस्याओं के कारण छात्रों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, कॉलेज जाने के लिए सड़क की सुविधा नहीं है, जमीनी सुरक्षा दीवार और पीने के पानी की सुविधा नहीं है।

# मंचेरियाल जिले में दो सीआई का स्थानांतरण

मंचेरियाल , 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

मंचेरियाल जिले में दो निरीक्षकों के तबादले के आदेश जारी किये गये हैं। मंचेरियाल टाउन इंस्पेक्टर आर. बंसीलाल को कहा गया कि आईजीपी कार्यालय में रिपोर्ट किया जाए और उनकी जगह रामागुंडम आईटी सेल से एस. प्रमोद राव को नियुक्त किया गया। इसके अलावा डी. श्रीरामपुर सीआई दबबेटा मोहन के यहां सिरिसिल्ला जिले में कार्यरत हैं वेणुचंद्र को नियुक्त किया गया।

# जिलाधिकारी ने किया सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण



मंचेरियाल , 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

मंचेरियाल जिलाधिकारी कुमार दीपक ने मंडल केंद्र वेमनपल्ली और निलवई गांवों में विकास कार्यों और सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टोर रूम, ओपी वार्ड और स्टाफ रूम का निरीक्षण किया और चिकित्सा पदाधिकारी की अनुपस्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वे स्टोर रूम की मरम्मत कराएंगे ताकि बारिश के कारण यह गिरे नहीं।

स्टाफ से चिकनगुनिया और डेंगू के मामलों के बारे में पूछा गया। सुझाव दिया कि पेयजल संयंत्र की मरम्मत करायी जाये। बाद में उन्होंने मंडल केंद्र स्थित डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया। पंचायत सचिव को जमा प्लास्टिक स्टॉक को देख कर बेचने की सलाह दी गयी। प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया तो छात्रों की संख्या कम थी।

आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। एएचएस छात्रावास में जाकर समस्याएं जानी एपीओ सत्यप्रसाद, ईसी मधुकर एवं पंचायत सचिव स्वाचंद् ने भाग लिया।



टास्क फोर्स पुलिस ने तस्करी कर महाराष्ट्र ले जाया जा रहा पीडीएस चावल पकड़ा। सीआई राजकुमार के विवरण के अनुसार, सीसीसी ने एसएसआई लछन्ना के साथ नसपुर थाना क्षेत्र में संदिग्ध अशोक लीलैंड वाहन को रोककर निरीक्षण किया और महाराष्ट्र ले जाया जा रहा 25 क्विंटल पीडीएस चावल जब्त किया और आरोपी वाहन को थाने ले गए।

# स्कूल में ताला लगाने वाले मालिक पर मामला दर्ज

तांदूर, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।



एसआई किरण कुमार ने बताया कि एमजे पीटी बीसी डब्ल्यू आर बॉयज स्कूल, तांदूर मंडल के मालिक सुरभि सरत कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि बुधवार को सुबह स्कूल की इमारत पर ताला लगा दिया गया और मालिक ने शिक्षकों और छात्रों को अंदर जाने से रोक दिया। शिक्षकों की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक स्कूल भवन के मालिक सरत कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# पुलिस स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता का आयोजन





मंचेरियाल, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

मंचेरियाल जिले के हाजीपुर मंडल के गुडीपेट 13वीं विशेष पुलिस बटालियन मेंपुलिस स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। बटालियन कमांडेंट पी. वेंकटरामुलु ने खेल मशाल जलाकर प्रतियोगिताओं की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स मीट से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों में नयापन आयेगा। उन्होंने बताया कि इस माह की 18 तारीख तक दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉर्ट फुट, डिस्कस थ्रो, शटल बैडमिंटन, टेनी कॉइट, कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी और क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस कार्यक्रम में बटालियन के सहायक कमांडेंट नागेश्वर राव, कालीदास, यूनिट मेडिकल ऑफिसर डॉ. संतोष सिंह, व्यायाम शिक्षक और पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

# तीन दिवसीय हाईलाइफ ब्राइड्स प्रदर्शनी 22 से




हैदराबाद, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

हाईलाइफ ने शादी ब्याह के मौसम को ध्यान में रखते हुए तीन दिवसीय ब्राइड्स प्रदर्शनी का आयोजन आगामी 22 अक्टूबर से हाईटेक सिटी स्थित एचआईसीसी नोवोटेल में किया जाएगा। हाईलाइफ ब्राइड्स में देश भर के डिज़ाइनर अपने नये कलेक्शन के साथ भाग लेंगे।

यहाँ एक कर्टनरेज़र कार्यक्रम में अभिनेत्री काटयानी, बिंदु चौहान, उर्मिला चौहान (मिस इंडिया तेलंगाना), अन्य फैशन प्रेमियों ने प्रचार सामग्री का विमोचन किया। अभिनेत्री काटयानी ने बताया कि हाईलाइफ की ब्राइड्स प्रदर्शनी का लोगों को इंतज़ार रहता है, जहाँ वह अपने लिए आवश्यक सामग्री एक ही स्थान से खरीद सकते हैं। विशेषकर नये एवं समकालीन फैशन को प्रतिबिंबित करने वाले परिधान एवं आभूषणों के लिए कई तरह के विकल्प खुले रहते हैं। प्रदर्शनी में विवाह उत्सवों से जुड़े परिधानों एवं आभूषणों के अलावा वर-वधु के लिए विभिन्न प्रकार की उपयोगी सामग्री के स्टॉल स्थापित किये जाएँगे। विशेषकर आभूषणों के लिए देश भर के प्रमुख फैशन डिज़ाइनरों को प्रदर्शनी में आमंत्रित किया गया। आयोजकों ने बताया कि हाईलाइफ प्रदर्शनी का आयोजन 22 से 24 अक्तूबर तक होगा। यह अपनी सबसे बड़ी ब्राइडल फैशन प्रदर्शनी होगी, जिसमें दुल्हनों के परिधान, आभूषण, विशेष अवसरों पर उपयोगी डिज़ाइनर वस्त्र, साड़ियाँ एवं अन्य सामग्री का व्यापक कलेक्शन विकल्पों के साथ उपलब्ध होगा।

# छात्रों ने की विरोध रैली



मंचेरियाल, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

छात्र संघों और निजी डिग्री पीजी कॉलेज मालिकों के नेतृत्व में छात्रों के साथ मंचिरयाल जिला केंद्र में आईबी स्कायर से बेल्लमपल्ली स्कायर तक एक विरोध रैली आयोजित की। तीन साल से छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं होने के कारण उन्हें गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार जवाब दे और छात्रवृत्ति जारी करे।

# उस्मान सागर और हिमायत सागर के गेट खुले

हैदराबाद, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड के अधिकारियों ने मूसी नदी में 242 क्यूसेक पानी छोड़ने के लिए उस्मान सागर जलाशय के दो गेट खोले और हिमायत सागर जलाशय का एक गेट खोलकर 348 क्यूसेक पानी छोड़ा।



बोर्ड अधिकारियों के अनुसार, हाल ही में हुई बारिश के कारण, गांडीपेट जलाशय में बाढ़ का पानी बहुत अधिक मात्रा में आ गया है, जिससे उसका जलस्तर पूर्ण हो गया है। इसके कारण, बुधवार को उस्मान सागर के दो गेटों को एक फुट ऊपर उठाकर 242 क्यूसेक पानी नीचे की ओर छोड़ा गया। इस बीच, हिमायत सागर जलाशय में भी भारी प्रवाह है, जिसके कारण जलस्तर पूर्ण हो गया है, और इस कारण जलाशय का एक गेट खोलकर 348 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। हिमायत सागर की पूरी क्षमता 1763.50 फीट (2.90 टीएमसी) है, और वर्तमान में जल स्तर 1763.50 फीट पर है। उस्मान सागर का जल स्तर 1790 फीट (3.900 टीएमसी) है, जबकि इसकी पूरी क्षमता 1790 फीट है।

# छत से गिरकर मजदूर की मौत

नसपुर, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

दो मंजिला इमारत से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। एसआई सुगनाकर के मुताबिक, मध्य प्रदेश का रहने वाला नीरज (35) एक साल पहले अपने परिवार के साथ जीवन-यापन के लिए नसपुर आया था। सीसीसी कॉर्नर पर दो मंजिला इमारत पर निर्माण कार्य करते समय दुर्घटनावश नीचे गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। एसआई ने बताया कि वे मृतक की पत्नी कल्पना की शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रहे हैं।


शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, Geeti Gogai spouse of Service No.JC 734352W Sub Hony Lt Niranjan Gogai, R/o.Vill:Gowal, Po:Gowal Chapai, Teh & District Dhemaji, Assam have Changed My Name From GEETI GOGAI to GEETI GOGOI vide affidavit dt:16-10-2024 before Notary Public, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, Service No.JC 735217P Nb/Sub DVR MT NEPALJEE THAKUR of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana hereby state that my daughter name is to be Changed From SNEHA to SNEHA KUMARI

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Service No.JC 732352X Sub Maj Shive Bishal Prajapati of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana India hereby state that my mother name and DOB is changed from KANCHA DEVI, DOB:01-05-1951 to KANCHAN DEVI, DOB:01-01-1954

**CHANGE OF NAME**

I, Service No. 15813671W Hav Sandeep Belakud of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana hereby state that my father name is changed from SHANKAR BELAKUD to SHANKAR RAMA BELAKUD and mother name is changed from PARVATHI to PARVATI SHANKAR BELAKUD.

**CHANGE OF NAME**

I, Service No.JC 732340H Sub(Hony Lt) Dilep Kumar of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana hereby state that my mother name is changed from SHUSHILA DEVI to SUSHILA DEVI.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Army No.6941475A Hav Sharbesh Kumar, R/o.Vill&Po:Samaspur, Teh:Gogri, Dist:Khagaria, Bihar that my father name and DOB is changed from RAJENDRA CHOUDHRY, DOB:14-9-1955 to RAJENDRA PRASAD CHAUDHARY, DOB:01-01-1947 and mother name and DOB is changed from SUSILA DEVI, DOB:20-11-1957 to SUSHIL DEVI, DOB:01-01-1952.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Satish Kumar Singh S/o Ram Nath Singh R/o Vill & PO-Sheopur, Teh-Bikramgang, Distt- Rohtas, State-Bihar, PIN-802212 have changed my Son name from SUDHANSU SINGH to SUDHANSHU SINGH and DOB from-25/07/1/2009 to 15/07/2009 add in my service documents vide affidavit date 16/10/2024 before Notary G Ramchaander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Army No.6941474X Hav Patitpaban De, R/o.H.No.136, SwastikBithika Flat No.2A, St Ram Krishna Sarani, Po:Parnasree, Teh:Alipore, West Bengal that my mother name and DOB is changed from GAYATRI DE, DOB:12-7-1952 to GAYATRI DEY, DOB:6-10-1947

**CHANGE OF NAME**

I, Service No.Jc 732332K Sub S KANDAPERUMAL of Admbn, Aoc Centre, Secunderabad, Telangana hereby state that my son name is changed From K HARISH to HARISH K, and my daughter name is Changed From K HEENA to HEENA

**ज्योतिष ASTROLOGY**

नाकौड़ा भैरव ज्योतिष

(जय जिनेन्द्र) मारवाड़ी, गुजराती महाराज, माजिशा भक्त हस्तरेखा, जन्माक्षर, पूजा-पाठ, संतान प्राप्ति, शारीरिक पीड़ा, मानसिक पीड़ा, व्यापार, सगाई, लग्न विलंब, शत्रुनिवारण, प्रेम समस्या, कर्ज मुक्ति, गृहक्लेश आकर्षण प्रयोग, पतिवश, सास-बहू झगड़ा, एकतरफा प्रेम (वशीकरण के जानकार) जीवन की जटिल समस्याओं का A+Z समाधान। बेगम बाजार, हैदराबाद. संपर्क : 9032460847.

**CHANGE OF NAME**

I, C Sankarannarayanana S/o Chidambaram R/o PL No-30, Jhon Holly City Street,VPO- Krishnapuram, Dist-Tirunelveli,PIN-627011,State-Tamil Nadu have changed my Son name from SIDDARTH to SIDDHARTH S R add in my service documents vide affidavit date 16/10/2024 before Notary G Ramchaander Advocate Secunderabad.

# 7,857 गोवंशी पशुओं को आश्रय स्थलों पर किया गया संरक्षित

लखनऊ, 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रदेश भर के नगरीय क्षेत्रों में नगर विकास विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर 7,857 गोवंश को सुरक्षित करते हुए आश्रय स्थलों पर संरक्षित करने में सफलता मिली है। नगर विकास विभाग के अनुसार, 8 से 10 अक्टूबर के बीच प्रदेश के विभिन्न नगरी क्षेत्रों में तीन दिनी अभियान का संचालन किया गया।



इसके जरिए, पहले दिन 2132, दूसरे दिन 2718 तथा तीसरे दिन 3007 गोवंशों को सुरक्षित कर कान्हा गौशाला व आश्रय स्थलों में संरक्षित किया गया। इस विशेष अभियान के जरिए एक ओर बेसहारा पशुओं के कल्याण के साथ ही शहरी स्वच्छता को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त हुआ, वहीं दूसरी ओर यातायात में अवरोध व दुर्घटना का कारण बनने वाले पशुओं को बचाकर सड़क सुरक्षा को बढ़ाने में भी अभियान ने सकारात्मक भूमिका का निर्वहन किया।

नगर विकास विभाग द्वारा विशेष अभियान का संचालन तीन स्तरों पर किया गया। नगर निगम द्वारा अभियान के अंतर्गत पहले दिन 431, दूसरे दिन 615 तथा तीसरे दिन 625 गोवंश को संरक्षित कर आश्रय स्थलों में भेजा गया। यानी, तीन दिन में 1671 गोवंशों को संरक्षित किया गया। वहीं, नगर पालिका परिषद द्वारा पहले दिन 760, दूसरे दिन 781 व तीसरे दिन 907 गोवंशों को संरक्षित करते हुए तीन दिनों में कुल 2448 गोवंशों को सुरक्षित किया। इसी प्रकार, नगर पंचायतों में पहले दिन 941, दूसरे दिन 1322 व तीसरे दिन 1475 गोवंशों को संरक्षित करते हुए कुल 3738 गोवंश को सुरक्षित किया। प्रदेश के अब तक सभी नगरीय निकायों में कान्हा गौशाला व पशु आश्रय स्थलों में कुल 1,40,320 गोवंश को संरक्षित करने में सफलता मिली है।

विशेष अभियान की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि यह पहल न केवल शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ व सुरक्षित बना रही है, बल्कि गोवंश के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और यह आगे भी जारी रहेगी। नगर निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के सामंजस्यपूर्ण प्रयासों ने इस सफलता को संभव बनाया है। उनके अनुसार, अप्रैल 2024 से सितंबर 2024 तक कैटल कैचिंग अभियान से 11,13,057 रुपए की आय भी विभाग की हुई है। नगरीय निकाय के स्थानीय निदेशक अनुज कुमार झा ने सभी निकायों को अपनी सीमा में निराश्रित पशुओं को संरक्षित करने के लिए उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## दीपावली से पहले पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को बड़ी सौगात

# एनसीई स्टेडियम के फेज-2 और 3 का पीएम करेंगे उद्घाटन

### 325 करोड़ से हुआ डॉ. संपूर्णानंद सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम का पुनर्विकास

वाराणसी, 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र में पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को दीपावली से पहले बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। 20 अक्टूबर को उनके वाराणसी के दौरे में सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्टेडियम में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्टेडियम के फेज-2 व फेज-3 का उद्घाटन प्रस्तावित है। पीएम 2023 में फेज-1 का उद्घाटन कर चुके हैं। स्टेडियम निर्माण से 20 से अधिक खेलों के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म पर प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। डॉ. संपूर्णानंद सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम का पुनर्विकास 325.65 करोड़ की लागत से हुआ है। स्टेडियम की इमारत ग्रिहा के मानक के अनुसार बनाई गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश खेल का हब बन रहा है। खेल के मूलभूत ढांचे को सुधारने के साथ खिलाड़ियों को अच्छा माहौल भी मिला है। इससे अंतरराष्ट्रीय मैचों में पदकों की संख्या भी बढ़ी है। इस स्टेडियम के निर्माण से पूर्वांचल की मिट्टी से अब और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकलेंगे।

काशी में मल्टी स्पोर्ट्स, मल्टी लेवल आधुनिक इनडोर स्टेडियम का निर्माण कराया गया है। स्मार्ट सिटी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. डी वासुदेवन ने बताया कि तीन फेज में डॉ. संपूर्णानंद सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम का पुनर्विकास 325.65 करोड़ से अधिक की लागत से हुआ है। स्टेडियम में इनडोर और आउटडोर दोनों सुविधा रहेगी।

पूर्वांचल के खिलाड़ियों को अब वाराणसी में ही अंतराष्ट्रीय मैच देखने को मिलेंगे। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जिम, स्पा, योगा सेंटर, पूल बिलियर्ड्स और कैफेटेरिया के साथ बैंक्वेट हॉल की भी सुविधा है। मल्टी स्पोर्ट्स, मल्टी लेवल आधुनिक इनडोर स्टेडियम में मानकों को भी ध्यान में रखकर बनाया गया है। यहां पैरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं भी हो सकेंगी। प्रथम चरण का निर्माण लगभग 109.36 करोड़ से हुआ था। दूसरे और तीसरे चरण का निर्माण लगभग 216.29 करोड़ में हुआ।

# मुख्य सचिव ने अधिकारियों को राज्य आपदा मोचन बल गठित करने के निर्देश दिए



हैदराबाद, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। मुख्य सचिव ए. शांति कुमारी ने अधिकारियों को राज्य में आपदा प्रतिक्रिया बल गठित करने का निर्देश दिया है।


सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कुमारी ने कर्मियों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि बाढ़, आग दुर्घटना और अन्य ऐसी आपदाओं के दौरान अलर्ट होने पर वे तुरंत तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि कर्मियों का पहला बैच प्रशिक्षण अगले महीने के पहले सप्ताह से शुरू होना चाहिए। बैठक में वाहनों, बचाव उपकरणों, व्यक्तिगत सुरक्षा गियर और अन्य उपकरणों की खरीद पर भी चर्चा की गई जो बचाव कार्यों के लिए आवश्यक हैं।

तेलंगाना की तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए अग्निशमन सेवाओं के महानिदेशक नागी रेड्डी ने बताया कि अग्निशमन विभाग की दस टीमों को आवश्यक उपकरण और प्रशिक्षण प्रदान करके एसडीआरएफ स्टेशनों में अपग्रेड किया जाएगा। इसी तरह, टीजीएसपी बटालियनों (प्रत्येक कंपनी में 100 कर्मी शामिल हैं) के कुल 1,000 कर्मियों को अग्निशमन विभाग के कर्मियों के बराबर प्रशिक्षित किया जाएगा और आवश्यक मौसम और आपात स्थितियों के दौरान संबंधित स्थानों पर स्टैंडबाय के रूप में तैनात किया जाएगा। बैठक में बचाव कार्यों के लिए आवश्यक वाहनों, बचाव उपकरणों, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों और अन्य औजारों की खरीद पर भी चर्चा की गई।

## नायडू कैबिनेट ने मंजूर की छह गेम चेंजर नीतियां

# पांच वर्षों में 30 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य

अमरावती, 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को उद्योग, एमएसएमई और खाद्य प्रसंस्करण समेत कई क्षेत्रों में छह गेम चेंजर नीतियों की घोषणा की, जिसका उद्देश्य राज्य में 20 लाख नौकरियां पैदा करना है। इस दौरान सीएम नायडू ने कहा कि उनकी सरकार अगले पांच वर्षों में 30 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने पर विचार कर रही है। सीएम नायडू ने कहा कि राज्य को 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मिलने की भी उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि विनिर्माण क्षेत्र से सकल मूल्य संवर्धन (जीवीए) जो 2024 में 3.4 लाख करोड़ रुपये आंका गया है, उसे 2029 तक 7.3 लाख करोड़ रुपये तक ले जाया जाएगा, जिससे पांच लाख नई नौकरियां पैदा होंगी। मुख्यमंत्री नायडू ने एपी औद्योगिक विकास नीति 4.0, एपी एमएसएमई और उद्यमिता विकास नीति 4.0, एपी खाद्य प्रसंस्करण नीति 4.0, एपी इलेक्ट्रॉनिक्स नीति 4.0, एपी औद्योगिक पार्क नीति 4.0 और एपी एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 4.0 के रूप में छह नीतियों की घोषणा की।



सीएम नायडू ने कैबिनेट बैठक के बाद सचिवालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, एक समय में हम छह नीतियां लेकर आए। हमने इन छह नीतियों पर बहुत काम किया और हमने चुनावों में केवल एक ही बात कही 20 लाख नौकरियां पैदा करना इस सरकार का लक्ष्य है और हम इसके लिए काम करेंगे।

सीएम ने कहा कि पर्यटन, आईटी, वर्चुअल वर्किंग और अन्य क्षेत्रों के लिए कुछ और नई नीतियां लाने की जरूरत है और जल्द ही उन्हें लाने का वादा किया। पांच साल में 20 लाख रोजगार सृजित करने के उद्देश्य से, सीएम ने कहा कि हर नीति में रोजगार सृजन को प्राथमिकता देकर एक रूपरेखा तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन नीतियों का लक्ष्य राज्य के युवाओं को वैश्विक रूप से सोचना और वैश्विक रूप से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य प्रति परिवार एक उद्यमी तैयार करना भी है। सीएम के अनुसार, ये छह नीतियां राज्य के साथ-साथ इसके युवाओं के भविष्य में भी बड़ा बदलाव लाएंगी। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रतन टाटा इनोवेशन हब का मुख्य केंद्र अमरावती में होगा और विशाखापत्तनम, राजमुंदरी, विजयवाड़ा या गुंटूर, तिरुपति और अनंतपुर में पांच क्षेत्रीय केंद्र होंगे। यह विश्वास जताते हुए कि आंध्र प्रदेश ज्ञान अर्थव्यवस्था के लिए एक नवाचार केंद्र बन जाएगा, मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी पांच केंद्र रतन टाटा के नाम पर होंगे।

# सीवान में संदिग्ध परिस्थिति में नौ लोगों की मौत



सीवान, 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में सीवान जिले के भगवानपुर हाट प्रखंड के माघर एवं कौडिया पंचायत में संदेहास्पद परिस्थिति में नौ लोगों की मौत हो गयी है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने आज यहां बताया कि 7:30 बजे पूर्वाह्न में भगवानपुर हाट प्रखंड के ग्राम कौडिया एवं माघर के आसपास अचानक से कुछ लोगों के बीमार एवं मृत होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के प्राप्त होते ही तत्काल जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके पूर्व महराजगंज के अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की गहनता से जांच प्रारंभ कर दी गई। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि कुल चार लोगों की मृत्यु संदिग्ध परिस्थिति में हुई है। अन्य बीमार व्यक्तियों को इलाज के लिये तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। संध्या तक सीवान के सिविल सर्जन के द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार इस दुर्घटना में 38 व्यक्ति बीमार हुए, जिनमें से 25 व्यक्तियों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। चार व्यक्तियों को विशेष इलाज के लिये पीएमसीएच रेफर किया गया है। इस घटनाक्रम में अब तक कुल नौ व्यक्तियों के मृत होने की सूचना प्राप्त है।

जिला पदाधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में सदर अस्पताल एवं बसंतपुर स्वास्थ्य केंद्र को सिविल सर्जन ने 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है। अतिरिक्त एंबुलेंस की व्यवस्था प्रभावित पंचायत में कर दी गई है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि मृत्यु के कारण को ज्ञात करने के लिये शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही तथ्य की जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इस बीच पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से ड्यूटी पर तैनात भगवानपुर हाट थानाध्यक्ष एवं दो चौकीदार को निलंबित कर दिया है। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने विशेष जाँच दल (एसआईटी) गठित कर सारण जिला के साथ मिलकर संयुक्त छापामारी शुरू कर दी है। घटना से संबंधित नौ लोगों को अब तक गिरफ्तार किया गया है । विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मृतकों के संबंध में विभिन्न तरह की जानकारी

## विधानसभा चुनाव को लेकर राज ठाकरे का बड़ा ऐलान

# मनसे किसी के साथ नहीं करेगी गठबंधन

मुंबई, 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव बिना किसी गठबंधन के अपने दम पर लड़ेगी। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख ने 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उम्मीदवारी का समर्थन किया था और राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया था।



पत्रकारों से बातचीत के दौरान राज ठाकरे ने कहा कि मनसे विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेगी और कहा कि वे किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। राज ठाकरे ने कहा, हम पूरे जोश के साथ चुनाव लड़ेंगे और विधानसभा चुनाव के बाद मनसे सरकार में होगी। मनसे सभी राजनीतिक दलों में सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि इस दौरान उन्होंने मुंबई के पांच प्रवेश बिंदुओं पर टोल माफ करने के राज्य सरकार के फैसले का भी स्वागत किया और कहा कि उनकी पार्टी कई वर्षों से इसके लिए अभियान चला रही है। अविभाजित शिवसेना से अलग होकर 2006 में मनसे की स्थापना करने वाले राज ठाकरे ने 2014 में प्रधानमंत्री पद के लिए मोदी की उम्मीदवारी का खुलकर समर्थन किया था। लेकिन फिर उन्होंने अपना रुख बदल लिया और उनके कटु आलोचक बन गए। उन्होंने मोदी की रैलियों में उनकी तरफ से किए गए वादों के वीडियो चलाकर यह भी बताया कि वे वादे कैसे पूरे नहीं हुए।

राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से मनसे ने 2014 और 2019 के चुनावों में एक-एक सीट जीती थी। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होगा और 23 नवंबर को मतों की गिनती होगी। विधानसभा चुनाव मुख्य रूप से भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार की एनसीपी के सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिव-सेना (यूबीटी) और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) से मिलकर बने विपक्षी ब्लॉक महा विकास अघाड़ी (एमवीएस) के बीच मुकाबला होगा।

# शाह ने हरियाणा में भाजपा की जीत पर पूनियां को दी बधाई

हिसार/जयपुर, 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत पर भाजपा हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां को बुधवार को बधाई दी। श्री शाह के पंचकुला भाजपा कार्यालय आगमन पर डा पूनियां ने उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा में प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनने जाने की बधाई दी और उनका आभार व्यक्त किया।



डा. पूनियां ने पंचकुला में मीडिया से बातचीत में कहा कि यह चुनाव हरियाणा और देश के लिए खास था। हरियाणा के लोगों ने भाजपा को अच्छा बहुमत एवं आशीर्वाद दिया। हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि हरियाणा में अच्छा शासन हो, हरियाणा को अच्छी नीतियां दी जाएं और हरियाणा देश में सुशासन का रोल मॉडल बने। उन्होंने कहा कि श्री मोदी गुरुवार को हरियाणा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

जिनको सुनने-देखने भारी संख्या में हरियाणा के कार्यकर्ता एवं आमजन आएंगे। डा पूनियां और भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने दशहरा मैदान पहुंचकर शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का जायजा भी लिया।

## शेयर मार्केट



बीएसई : 81,501.36
-318.76 -0.39% ↓
एनएसई :24,971.30
-86.05 (-0.34%) ↓

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 78,840/- (प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 95,039/- (प्रति किलोग्राम)

# महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख ने महायुति सरकार पर निशाना साधा

मुंबई, 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में महायुति सरकार द्वारा ढाई वर्षों के शासनकाल दौरान अपनी उपलब्धियों पर रिपोर्ट कार्ड जारी करने के तुरंत बाद, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तीखा हमला बोला। उन्होंने शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने विकास के सभी दावों को झूठा और मनगढ़ंत बताया। उन्होंने कहा कि साजिश, बेईमानी और असंवैधानिक तरीके से सत्ता में आए शिंदे के नेतृत्व में महाराष्ट्र विकास के मामले में अन्य राज्यों से पिछड़ गया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान, महाराष्ट्र हर मामले में नंबर एक था, लेकिन शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के शासन में, राज्य की हालत खराब हो गई है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दो वर्षों में गुजरात के एजेंटों ने महाराष्ट्र को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। भाजपा गठबंधन सरकार द्वारा किए गए दावों को उजागर करते हुए, एमपीसीसी प्रमुख ने प्रशासन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर महाराष्ट्र को लूटने का आरोप लगाया, जिससे राज्य उनके लिए एक एटीएम (स्वचालित टेलर मशीन) से ज्यादा कुछ नहीं रह गया है। उन्होंने दावा किया कि बड़ी परियोजनाएं जो महाराष्ट्र के लिए थीं, उन्हें गुजरात भेज दिया गया, जबकि शिंदे, फड़नवीस और अजीत पवार चुप रहे और आरोप लगाया कि फड़नवीस गुजरात में निवेश का बचाव करने में भी लग गए।

उन्होंने दावा किया कि जैसे-जैसे व्यवसाय दूसरे राज्यों में चले गए, महाराष्ट्र में बेरोजगारी में वृद्धि हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार ने न केवल उद्योगों को गुजरात में जाने दिया, बल्कि गुजरात से नशीली दवाएं भी यहां लायी गई, जिससे यहां के युवा बर्बाद हो गए। पटोले ने कहा कि मुंबई की महत्वपूर्ण भूमि उनके प्रिय उद्योगपतियों को सौंप दिए गए हैं, और ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए निविदाएं जारी की गई हैं, जबकि सरकार ने पिछले दो वर्षों में चुपचाप मुनाफा कमाया है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिंदे द्वारा रिपोर्ट कार्ड के बारे में बात करना हास्यास्पद है, उन्हें इसके बजाय 'रेट कार्ड' के बारे में बात करनी चाहिए।

# चुनाव आयोग के जारी निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन करें : रवि कुमार

रांची, 16 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी वाणिज्य कर के पदाधिकारियों से कहा कि निर्वाचन अवधि में कर वंचना पर अंकुश लगाने एवं तत्संबंधी निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग के लिए भारत निर्वाचन आयोग के जारी निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन करें एवं आवश्यक प्रवर्तन की कार्रवाई में किसी प्रकार की कोताही न करें।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुमार एवं वाणिज्य कर के आयुक्त अमित कुमार के मार्गदर्शन में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिलों में गठित वाणिज्य कर सेल के नोडल पदाधिकारियों को कर्नाटक के वाणिज्य कर विभाग द्वारा निर्वाचन के दौरान कुशल व्यय प्रबंधन एवं प्रवर्तन से संबंधित किए गए अनुप्रयोगों को साझा किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा द्वारा जिले के पदाधिकारियों एवं कर्नाटक के वाणिज्य एवं कर विभाग के पदाधिकारियों के साथ समन्वय सूत्र के रूप जिलों के पदाधिकारियों के व्यय प्रबंधन एवं प्रवर्तन संबंधी शंकाओं का निराकरण किया गया।

शुभ लाभ DAILY
खबरें जो सोच बदल दे

# सीताक्का ने बीआरएस पर नए कर्ज लेने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया




**हैदराबाद, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के पंचायत राज और ग्रामीण विकास मंत्री दानसारी अनसूया सीतक्का ने तत्कालीन बीआरएस सरकार की आलोचना करते हुए दावा किया कि मौजूदा कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार बीआरएस शासन के दौरान जमा किए गए कर्ज पर ब्याज का भुगतान करने के लिए नए कर्ज लेने के लिए मजबूर है।

तेलंगाना के कर्ज पर बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव (केटीआर) के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए सीतक्का ने ट्वीट किया कि यह आपके नेतृत्व में था कि राज्य इस तरह के कर्ज के बोझ तले दब गया है, जिससे ब्याज भुगतान को कवर करने के लिए नए कर्ज की जरूरत पड़ी। आपने अपने साढ़े नौ साल के शासन में 7 लाख करोड़ रुपये का कर्ज पीछे छोड़ दिया। तेलंगाना अब हर दिन 207 करोड़ रुपये ब्याज का भुगतान करता है, जो इस कर्ज का प्रबंधन करने के लिए हर महीने 6,000 करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन के बराबर है।

उन्होंने केटीआर की आलोचना पर आगे हमला करते हुए कहा कि आपने बिना चुकाए लापरवाही से कर्ज लिया। पूरे हो चुके काम के बिलों का भुगतान नहीं किया गया- 5,000 करोड़ रुपये की फीस प्रतिपूर्ति बकाया, लंबित ठेकेदार भुगतान, सरपंचों को बकाया, आरटीसी, गुरुकुल भवनों के लिए किराया भुगतान और कर्मचारियों के लिए अवैतनिक सेवानिवृत्ति लाभ। हर विभाग लंबित भुगतानों में सैकड़ों करोड़ रुपये से दबा हुआ है। केटीआर के आरोपों का जवाब देते हुए, सीतक्का ने कांग्रेस सरकार के राजकोषीय प्रबंधन का बचाव किया और प्रमुख कल्याणकारी पहलों पर प्रकाश डाला। केवल दस महीनों में, हमने आपके प्रबंधन के तहत एक कमजोर वित्तीय प्रणाली विरासत में मिलने के बावजूद, फसल ऋण में 18,000 करोड़ रुपये माफ कर दिए हैं। हमने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, गैस सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी और 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली जैसी योजनाएं लागू की हैं। हमारी सरकार ने पहले ही 60,000 से अधिक सरकारी नौकरियां भरी हैं और इंदिराम्मा आवास, नए राशन कार्ड जारी करने और एकीकृत गुरुकुलों की स्थापना जैसी प्रतिष्ठित परियोजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने केटीआर के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ऋण और गारंटी पर आपकी टिप्पणियां वेदों का उपदेश देने वाले शैतान की तरह हैं।

## बीआरएस ने राज्य के बढ़े कर्ज को लेकर की रेवंत सरकार की आलोचना



भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव (केटीआर) ने बुधवार को तेलंगाना में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की कड़ी आलोचना की और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर पद्भार संभालने के बाद से राज्य को 80,500 करोड़ रुपये के कर्ज में डुबाने का आरोप लगाया।

केटीआर ने सोशल मीडिया पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा उन्होंने एक बार दावा किया था कि कर्ज गलत था। अब वह इसे कैसे उचित ठहराते हैं? चुनावी वादे अधूरे हैं, कोई नयी सिंचाई परियोजना विकसित नहीं हुई है, और फिर भी केवल 10 महीनों में 80,500 करोड़ रुपये उधार लिए गए हैं।

केटीआर ने कर्ज के उद्देश्य पर आगे सवाल उठाते हुए पूछा: इतनी बड़ी रकम कहां गई? क्या इन पैसों का इस्तेमाल बड़े ठेकेदारों को भुगतान करने के लिए किया जा रहा है? क्या यह कर्ज कमीशन के लिए लिया जा रहा है? बीआरएस में हमारे कार्यकाल के दौरान, हमने हर एक रुपये का हिसाब रखते हुए परियोजनाओं के निर्माण और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए कर्ज लिया। उन्होंने अपनी आलोचना जारी रखते हुए इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा सरकार के तहत किसानों के लिए कोई ऋण माफी नहीं की गई है, उनके लिए बीमा का कोई प्रावधान नहीं है, कोई नई विकास परियोजना नहीं है और यहां तक कि सरकारी कर्मचारियों को भी वेतन में देरी का सामना करना पड़ रहा है। तो, यह सारा पैसा कहां जा रहा है? किसकी जेबें भरी जा रही हैं? केटीआर ने इस बढ़ते कर्ज के खतरों के बारे में चेतावनी देते हुए कहा: राज्य की संपत्ति बनाने के लिए नहीं बल्कि व्यक्तिगत संपत्ति बढ़ाने के लिए यह बेतहाशा उधार लेना एक अक्षम्य अपराध है। यह तेलंगाना के भविष्य के लिए एक गंभीर खतरा है।

# अपराध सुलझाने के लिए निरंतर सीखना महत्वपूर्ण है : डीजीपी



**हैदराबाद, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जितेन्द्र ने इस बात पर जोर दिया कि अपराध सुलझाने के लिए निरंतर सीखने, गलतियों को सुधारने और आवश्यक सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है।

पुलिस अकादमी में तेलंगाना पुलिस विभाग द्वारा बुधवार को आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डीजीपी ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पुलिस बल के भीतर टीम भावना को बढ़ावा देने में मदद करेगा। उन्होंने आग्रह किया कि सभी मामलों को तकनीकी साक्ष्य का उपयोग करके सुलझाया जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि न्याय मिलने पर पुलिस प्रणाली में जनता का विश्वास बनता है। उन्होंने पुलिस से समाज के कल्याण के लिए ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ काम करने का आह्वान किया।

तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन किया, जो 19 अक्टूबर तक चलेगा।इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के लगभग 400 पुलिस कर्मी भाग ले रहे हैं, जहां वे अपने दैनिक कर्तव्यों के हिस्से के रूप में केस की सुनवाई और प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

प्रतियोगिता में वैज्ञानिक जांच, बम निरोधक, डॉग स्कायड ऑपरेशन, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और कंप्यूटर जागरूकता जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। वरिष्ठ अधिकारी केस सुलझाने की तकनीक और साक्ष्य संग्रह पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में अतिरिक्त डीजीपी (कानून और व्यवस्था) महेश भागवत और अतिरिक्त डीजीपी (महिला सुरक्षा विंग) शिखा गोयल सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## तेलंगाना में अगले पांच दिन वर्षा होने के आसार



**हैदराबाद, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर अगले पांच दिनों के दौरान गरज-चमक के साथ वर्षा होने और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि अगले सात दिन के दौरान राज्य में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कुछ स्थानों पर बारिश हुई।

## सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए वचनबद्ध : सीताक्का



**आसिफाबाद , 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य की पंचायत राज, ग्रामीण विकास और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री धनासारी अनसूया सीताक्का ने कहा कि सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रोत्साहित करेगी। मंत्री सीतक्का जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे, एकीकृत आदिवासी विकास एजेंसी-उटनूर परियोजना अधिकारी खुशबू गुप्ता, जिला अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय निकाय) दीपक तिवारी, कागज नगर उपजिलाधिकारी श्रद्धा शुक्ला, विधान परिषद सदस्य दांडे विट्ठल, आसिफाबाद विधायक कोवा लक्ष्मी के साथ एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

इस मौके पर मंत्री ने कहा कि सरकार महिला शक्ति योजना के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए कदम उठा रही है। इसी क्रम में इंदिराम्मा महिला शक्ति कैंटीन की स्थापना के माध्यम से महिला समूहों के सदस्यों को अधिक रोजगार प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे तथा महिला समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें महिला के माध्यम से विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियाँ करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। शक्ति योजना, जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर जिला महासंघ द्वारा 270 महिला समूहों को 16 करोड़ रुपये का बैंक ऋण चेक एवं 2 करोड़ रुपये का महिला निधि ऋण चेक सौंपा गया। बाद में जिला केंद्र के सरकारी अस्पताल के परिसर में जिला गरीबी उन्मूलन संगठन के तत्वावधान में महिला संघ के सदस्यों द्वारा स्थापित इंदिराम्मा महिला शक्ति कैंटीन का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार महिला शक्ति, महालक्ष्मी, गृह ज्योति आदि कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के कल्याण और आर्थिक विकास की दिशा में काम कर रही है और वे अधिकारियों के साथ समन्वय में काम करेंगे ताकि गारंटी योजनाओं का लाभ पूरी तरह से मिल सके। जिले के योग्य लाभार्थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने गांवों में लोगों को अधिक सुलभ और बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत मोबाइल वाहनों की व्यवस्था की है। जिले में चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने वाले मोबाइल वाहनों का शुभारंभ बुधवार को पी.वी.टी.जी. उन्होंने कहा कि मोबाइल वाहनों द्वारा गांवों के प्रत्येक आवास पर जाकर लोगों को उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार पीवीटीजी के विकास और कल्याण के लिए चलाए गए कार्यक्रमों के लिए प्रतिबद्ध है और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की दिशा में काम करना चाहिए।

इस कार्यक्रम में जिला ग्रामीण विकास अधिकारी बनोथ दत्तराम, जिला चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी तुकाराम, अतिरिक्त ग्रामीण विकास अधिकारी रामकृष्ण, सर्प कर्मचारी, जिला अधिकारी, महिला संघों के सदस्य, जिला महासंघ के सदस्य और अन्य लोगों ने भाग लिया।

## रेवंत रेड्डी 20 को आईएसबी नेतृत्व शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे

**हैदराबाद, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी रविवार, 20 अक्टूबर को इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के नेतृत्व में शिखर सम्मेलन 2024 को संबोधित करेंगे।शिखर सम्मेलन आईएसबी के नेतृत्व में उत्कृष्टता और विविधता के दृष्टिकोण के अनुरूप है। हर साल, आईएसबी ऐसे दिग्गजों की मेजबानी करता है जो अपने-अपने क्षेत्रों में अनुकरणीय नेता हैं और आईएसबी के समग्र शिक्षा दर्शन में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि जोड़ सकते हैं।

आईएसबी ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि इस वर्ष शिखर सम्मेलन 'नए भारत में नेतृत्व' विषय पर केंद्रित होगा। आईएसबी नेतृत्व शिखर सम्मेलन 2024 में अपने विचार साझा करने वाले अन्य दिग्गजों में एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी, भारत में वायु सेना के पूर्व प्रमुख हैं।


## तेलंगाना सरकार ने 6 आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा

**हैदराबाद, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार द्वारा जारी एक आदेश में कई आईएएस अधिकारियों को विभिन्न विभागों के लिए पूर्ण अतिरिक्त प्रभार (एफएसी) सौंपा गया है। आदेश में निम्नलिखित नियुक्तियों की रूपरेखा दी गई है: एन. श्रीधर, आईएएस - सरकार के प्रमुख सचिव, अनुसूचित जाति विकास (एससीडी) विभाग को पुरातत्व निदेशक के पद के साथ-साथ सरकार, युवा उन्नति, पर्यटन और संस्कृति (वाईएटीएंडसी) विभाग के प्रमुख सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। संदीप कुमार सुल्तानिया, आईएएस - सरकार के प्रमुख सचिव, वित्त विभाग को सरकार के सचिव, ऊर्जा विभाग और जेनको और ट्रांसको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। डॉ. क्रिस्टीना जेड. चोंगथु, आईएएस - सरकार, स्वास्थ्य, चिकित्सा और परिवार कल्याण (एचएम एंड एफडब्ल्यू) विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत, को आयुष के निदेशक के पद के एफएसी में रखा गया है।डॉ. टी.के. श्रीदेवी, आईएएस - वर्तमान में एससीडी की आयुक्त, को महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) और अनुसूचित जाति (एससी) विभाग के सचिव के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

## बाथरूम का पानी घर में बहने के विवाद में व्यक्ति की हत्या

**मंचेरियाल, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** चैनूर मंडल के अक्केपल्ली गांव में झगड़े के बाद एक व्यक्ति की उसके भाई ने कथित तौर पर हत्या कर दी। चैनूर इंस्पेक्टर रविंदर ने बताया कि कोडिपे मल्लैया (45) की करीमनगर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार को मलैया के बाथरूम का पानी घर में बहने से हुए विवाद में उसके बड़े भाई भीमैया ने उसे डंडे से पीटा जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। मल्लैया के परिवार में पत्नी और बेटा है। भीमैया कथित तौर पर नशे की हालत में था। जिसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।




## मेदक में कार दुर्घटना में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया दुख



**मेदक, 16 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मेदक जिले के पुलिस अधीक्षक के अनुसार बुधवार शाम को मेदक जिले के शिवमपेट मंडल के पास एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन महिलाओं और तीन किशोरियों सहित सात लोगों की मौत हो गई । पुलिस ने कहा कि पीड़ित सिद्दीपेट से अपने पैतृक स्थान जा रहे थे, जब कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सड़क किनारे एक दीवार से टकरा गई और वाहन पानी के गड्ढे में गिर गया। यह घटना शाम करीब 4.00 बजे हुई। शवों को बाहर निकाल कर अस्पताल भेज दिया गया है। मृतकों में 3 महिलाएं, 12,13 और 15 साल की 3 लड़कियां और एक पुरुष शामिल हैं। मामला शिवमपेट पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है।मुख्यमंत्री रेड्डी ने दुर्घटना में हुई मौतों पर दुख जताया । उन्होंने कहा, एक ही परिवार के सात लोगों की जान जाना दुखद है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार और आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने मृतकों के परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की। घटना की शिकायत शिवमपेट पुलिस स्टेशन में दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.